जबलपुर निवेशक सम्मेलन

चर्चा में क्यों?

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के अनुसार, **जबलपुर में निवेशक शिखर सम्मेलन** में राज्य को **17,000 करोड़ रुपए के निवेश** प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनसे 13,000 से अधिक रोज़गार के अवसर उत्पन्न होने की संभावना है।

मुख्य बिंदु

- कपड़ा और रेडीमेड वस्त्र क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने हेतु **जबलपुर** में **आधुनिक कौशल विकास केंद्र** की स्थापना की जाएगी।
    - सम्मेलन में अशोक लीलैंड लिमिटेड और आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड ने **रक्षा विनिर्माण क्षेत्र** में **600 करोड़ रुपए** के समझौता ज्ञापन (Memorandum of Understanding) पर हस्ताक्षर किये।
    - सरकार ने राज्य भर में **कई औद्योगिक इकाइयों का उद्घाटन और शिलान्यास** भी किया है, जिनमें **कुल 1,500 करोड़ रुपए का निवेश** होगा तथा लगभग 4,500 रोज़गार उत्पन्न होंगे।
    - इसके अलावा, **ऑटोमोबाइल क्षेत्र में वोल्वो आयशर द्वारा 1,500 करोड़ रुपए** तथा **हीडलबर्ग सीमेंट द्वारा 1,500 करोड़ रुपए की सीमेंट इकाई** के निवेश प्रस्तावों में शामिल हैं।
- मध्य प्रदेश सरकार **रीवा, सागर और ग्वालियर शहरों** में इसी तरह के शिखर सम्मेलन तथा **फरवरी 2025 में भोपाल में एक बड़े वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन की मेज़बानी करेगी।**
- इससे पहले **जनवरी 2024** में **उज्जैन में** इसी तरह का **शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था**, जिसमें अडानी समूह ने राज्य में 75,000 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jabalpur-investor-summit